NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-143, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 29 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## भारत में इंडिगो, एअर इंडिया की 338 फ्लाइट्स प्रभावित

### सॉफ्टवेयर हो रहा अपडेट; दुनियाभर में एयरबस के ए320 विमानों में सोलर रेडिएशन का खतरा

**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है।

इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके कारण दुनिया भर में 6,000 विमानों के ऑपरेशन पर असर पड़ सकता है।

सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण भारत में अब तक कोई उड़ान रद्द नहीं हुई है, लेकिन कुछ उड़ानों में 60-90 मिनट की देरी हो रही है। भारत में इंडिगो, एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ए320 सीरीज के विमानों का संचालन करती हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ) के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे तक कुल 338 विमानों में से 189 ए320 सीरीज के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन पूरा हो चुका है। सभी प्रभावित विमानों में सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन 30 नवंबर को सुबह 5:29 बजे तक पूरा होने की उम्मीद है।




दुनिया भर में ए320 सीरीज के विमानों के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर अपडेट के लिए ईएएसए और एयरबस के निर्देशों का पालन करते हुए, हमारे इंजीनियर इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। हमने इससे प्रभावित अपने 40% से ज्यादा विमानों का रीसेट पूरा कर लिया है। हमें पूरा विश्वास है कि ईएएसए की तय डेडलाइन के भीतर पूरे बेड़े को कवर कर लिया जाएगा। इस काम के कारण एअर इंडिया की कोई भी उड़ान रद्द नहीं हुई है। हालांकि, हमारी कुछ उड़ानें थोड़ी देरी से या रिशेड्यूल हो सकती हैं।

**एअर इंडिया**

एयरबस ने ग्लोबल ए320 बेड़े के लिए एक टेक्निकल सलाह जारी की है। हम सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, पूरी लगन और सावधानी के साथ अपने विमानों में जरूरी अपडेट्स कर रहे हैं। इन एहतियाती अपडेट्स के कारण कुछ उड़ानों के शेड्यूल में थोड़ा बदलाव हो सकता है। हमारी टीमें रीबुकिंग, अपडेट्स और जानकारी के लिए 24गुणा7 उपलब्ध हैं। एयरपोर्ट पर जाने से पहले हमारे ऐप/वेबसाइट पर अपनी फ्लाइट्स की लेटेस्ट स्टेटस देखें।

**इंडिगो एयरलाइंस**

## नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला



ईडी चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं, कोर्ट को तय करना है; आरोपियों में राहुल-सोनिया के नाम

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट का यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

ईडी ने इन नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी।

कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवंबर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगी। ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी। इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे।

## दिल्ली ब्लास्टः रात ढाई बजे दबिश हल्द्वानी के इमाम से पूछताछ



**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकवादी उमर से जुड़े मोबाइल के कॉल डिटेल को खंगालने में दिल्ली पुलिस को कामयाबी मिली है। शुक्रवार की देर रात ढाई बजे दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम के साथ ही एलआईयू दिल्ली की टीम ने हल्द्वानी के संवेदनशील मुस्लिम बाहुल्य इलाके बनभूलपुरा में दबिश देकर बिलाली मस्जिद के इमाम को उठाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस उसे लेकर दिल्ली चली गई।

उधर दबिश के बाद क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए सुबह ही एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के साथ ही सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल के अलावा, लालकुलां, कालाढूंगी, हल्द्वानी, मुखानी, काठगोदाम थाना की पुलिस बनभूलपुरा पहुंच गई। अचानक से फोर्स देखकर स्थानीय लोग भी सहम गए। पुलिस ने बिलाली मस्जिद तथा इसके बगल में स्थित इमाम के आवास पर कड़ी सुरक्षा रखी है।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया दिल्ली पुलिस ने कोई कार्रवाई की है। एहतियातन सुरक्षा बढ़ाई गई है। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट जिसने देश को झकझोर कर रख दिया था। आतंकी हमले में दर्जन भर से अधिक लोगों की जान गई थी और कई घायल हुए थे। सरकार द्वारा इसे आतंकी हमला घोषित किए जाने के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।



# साइक्लोन दितवाह को लेकर तटों पर अलर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के समुद्री तट की तरफ बढ़ रहे चक्रवाती तूफान दितवाह की वजह से मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। तमिलनाडु सरकार ने एक महीने में दूसरी बार ऐसे चक्रवाती तूफान का सामना करने के लिए अपनी तैयारियों को रिव्यू किया। मौसम विभाग ने 29 से 30 नवंबर के बीच तमिलनाडु के साउथ और कावेरी डेल्टा जिलों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया। दिल्ली की बात करें तो यहां पिछले 2 महीने से हवा की गंभीर स्थिति बनी हुई है। दिल्ली का ओवरऑल अदक 361 है। कर्तव्य पथ से इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन धुंधला दिखाई दे रहा है। स्मॉग की मोटी चादर ने दिल्ली को ढका हुआ है। विजिबिलिटी 300 मीटर के बाद कम है। वहीं, मौसम विभाग ने तापमान में बदलाव और देश के अलग-अलग राज्यो में बारिश की चेतावनी जारी की।



मौसम विभाग ने कहा कि श्रीलंका के तट से और उससे सटी साउथ-वेस्ट बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान दितवाह धीरे-धीरे उत्तर की तरफ बढ़ रहा है। यह 30 नवंबर की सुबह तक नॉर्थ तमिलनाडु, पुडुचेरी और उससे सटे साउथ आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया के पास से होते हुए साउथ-वेस्ट बंगाल की खाड़ी तक पहुंच सकता है। चक्रवाती तूफान की वजह से तमिलनाडु और पुडुचेरी में 29-30 नवंबर और तटीय आंध्र प्रदेश-रायलसीमा के इलाके में 29 नवंबर से 1 दिसंबर की अवधि में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

वहीं, तापमान की बात करें तो मौसम विभाग के मुताबिक, नॉर्थ-वेस्ट इंडिया में अगले 48 घंटे तक न्यूनतम तापमान में कोई अहम बदलाव नहीं होगा और उसके बाद इसमें 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके अलावा, सेंट्रल इंडिया में अगले 48 घंटे तक मिनिमम टेंपरेचर में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। ईस्ट इंडिया में अगले 4 दिनों तक मिनिमम टेंपरेचर में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

महाराष्ट्र में अगले 3 दिन में न्यूनतम तापमान, 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है और उसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। वहीं, गुजरात में अगले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान ज्यादा नहीं बदलेगा। उसके बाद न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

## राजस्थान में बारिश-कोहरा, हिमाचल में रात का टेम्परेचर 5 डिग्री सेल्सियस

पहाड़ी राज्यों में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। हिमाचल के 16 शहरों में रात का तापमान 5द सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। लाहौल स्पीति, किन्नौर और चंबा में पानी की टंकियां, पाइप लाइन और सड़क किनारे पानी में बर्फ जमने लगी है। उत्तराखंड के 4 धामों में तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया है। आदि कैलाश में भी पारा माइनस 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे वहां गौरी कुंड सरोवर जम गया है। कई पहाड़ी इलाकों में लोग बर्फ पिघलाकर पी रहे हैं। सर्दी के बीच राजस्थान में शुक्रवार को जयपुर, उदयपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज और कल शीतलहर की संभावना जताई है। सुबह के समय कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। तापमान 2-3 डिग्री कम हो सकता है।



## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की तबीयत बेहद नाजुक

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में शामिल और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद देश की सियासत में चिंता गहरा गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि 80 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और डॉक्टर लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए हैं। खालिदा जिया की यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है जब बांग्लादेश में कुछ महीने बाद ही चुनाव हैं।



बीएनपी पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बताया कि खालिदा जिया को रविवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उन्हें सीने में संक्रमण हुआ जिसने उनके हृदय और फेफड़ों को गंभीर रूप से प्रभावित किया। डॉक्टरों ने शुक्रवार देर रात उनकी स्थिति को काफी गंभीर बताया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनके कई अंग कमजोर हो चुके हैं और इलाज लगातार जारी है। तीसरे पैराग्राफ में बताया कि बीएनपी ने शुक्रवार की नमाज के बाद पूरे देश में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया। आलमगीर ने कहा कि उन्होंने जनता से लोकतंत्र की मां कही जाने वाली खालिदा जिया के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ठीक होकर देश की सेवा में लौटेंगी। खालिदा जिया पिछले कई वर्षों से कई गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं। उन्हें लिवर, किडनी, डायबिटीज, आर्थराइटिस और आंखों से जुड़ी बीमारियां लंबे समय से परेशान कर रही हैं। उनकी उम्र और पुरानी बीमारियों ने इस बार संक्रमण को और अधिक खतरनाक बना दिया है।

## कनाडा के ब्रैम्पटन में लगी भीषण आग, भारतीय नागरिक समेत 5 लोगों की मौत

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भीषण आग लगने से भारतीय नागरिक समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। यह आग ब्रैम्पटन में लगी। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने ने कहा कि उसने अग्नि हादसे में जान गंवाने वाले प्रभावित परिवार से संपर्क किया है। भारतीय दूतावास की तरफ से पीड़ित परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में कहा, ब्रैम्पटन में हुई विनाशकारी आग की घटना में भारतीय नागरिकों की मौत से हम बहुत दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। सीटीवी न्यूज के मुताबिक आग 19-20 नवंबर की देर रात 2.15 बजे मैकलॉघलिन और रिमेंबरेंस रोड के क्षेत्र में 12 बनस वे पर लगी। आग की घटना में तीन महिलाओं और एक छोटे बच्चे की मौत हो गई। पूरे प्रकरण की जांच ओंटारियो के फायर मार्शल कार्यालय द्वारा की जा रही है। कांस्टेबल टायलर बेल ने बताया कि घटनास्थल पर ही तीन महिलाओं और एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई थी। सीबीसी न्यूज ने उनके हवाले से बताया कि अस्पताल ले जाए गए लोगों में से एक गर्भवती महिला थी और बच्चे को जन्म देने के लिए उसकी आपातकालीन सर्जरी की गई, लेकिन बच्चे की मौत हो गई।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन, कांग्रेस ने वरिष्ठ सहयोगी को याद किया

कानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता श्रीप्रकाश जायसवाल का लंबी अस्वस्थता के बाद निधन हो गया है। यह दुखद सूचना कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता और ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें किदवई नगर स्थित नर्सिंग होम लाया गया था। यहां से कॉर्डियोलॉजी रेफर किया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



उनका निधन कांग्रेस पार्टी और कानपुर के राजनीतिक जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। बता दें कि 1999, 2004 और 2009 में श्री प्रकाश जायसवाल ने कानपुर से कांग्रेस का परचम बुलंद किया और यहां से सांसद बनते हुए केंद्रीय मंत्री भी बने। उन्होंने 2011-2014 तक तीन वर्षों तक कोयला मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। वो कानपुर के लगातार तीन बार सांसद रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर उनके छोटे भाई प्रमोद जायसवाल ने कहा कि इस समय मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि जमीनी स्तर से जुड़ा एक मेहनती व्यक्ति आज खामोश पड़ा है। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकता। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वे एक सच्चे कांग्रेसी थे जिन्होंने कानपुर के विकास और कल्याण के लिए लगन से काम किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भी जायसवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि माल्टा की यात्रा के दौरान अपने प्रतिष्ठित सहयोगी श्रीप्रकाश जायसवाल जी के निधन का दुखद समाचार सुना।

## भारत की मदद के मुरीद हुए अफगानिस्तान और श्रीलंका

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पड़ोसी देशों के संकट में अपनी मानवीय प्रतिबद्धता को दोहराया है। पिछले कुछ दिनों में भारत ने अफगानिस्तान को 73 टन जरूरी चिकित्सा और राहत सामग्री भेजी है, जबकि श्रीलंका में भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान राहत सामग्री लेकर कोलंबो पहुंचा। दोनों अभियानों में भारत की ह्यनेबरहुड फर्स्टह्न नीति और मानवीय सहायता की परंपरा स्पष्ट झलक रही है। इस मदद के लिए अफगानिस्तान और श्रीलंका के लोग भारत की तारीफ करते नहीं थक रहे। अफगानिस्तान के एक नागरिक ने लिखा, एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे डियर इंडिया..?

भारत ने अफगानिस्तान के लिए 73 टन राहत सामग्री भेजी। इसमें जीवन रक्षक दवाएं, कोविड-19 वैक्सीन, एंटी-वायरल दवाएं, सर्जिकल उपकरण, अस्पतालों के लिए जरूरी दवाइयां और अन्य चिकित्सा सामग्री शामिल है। यह मदद विशेष रूप से काबुल और कंधार के अस्पतालों के लिए भेजी गई है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कमजोर हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह सहायता अफगानिस्तान के लोगों के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। पिछले चार वर्षों में भारत ने अफगानिस्तान को 50,000 टन गेहूं, 400 टन से अधिक दवाएं और कई बार वैक्सीन की खेपें भेजी हैं। तालिबान शासन के बावजूद भारत ने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि उसकी मदद सीधे अफगान जनता के लिए है, न कि किसी राजनीतिक समूह के लिए।

दूसरी ओर श्रीलंका में पिछले हफ्ते से हो रही भारी बारिश और बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। कई इलाकों में घर डूब गए, सड़कें टूट गईं और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। इस आपदा में भारत ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। भारतीय वायुसेना के सी-130जे विमान ने कोलंबो पहुंचकर 15 टन से अधिक राहत सामग्री सौंपी। इसमें टेंट, तारपोलीन शीट्स, कंबल, हाईजीन किट, पानी शुद्ध करने की गोलियां, सोलर लैंप और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 29 नवम्बर 2025


# एक ही जगह बैठकर कैसे होगा काम

## एसआईआर को लकर मथुरा डीएम सीपी सिंह ने सुपरवाइजरों को लगाई फटकार

एनएनआई



**मथुरा।** एक ही जगह बैठकर कैसे काम होगा, जैसे बीएलओ घर-घर दौड़ रहे हैं, आप भी उनका सहयोग करें। बीएलओ की तरह आप भी घर-घर जाएं। शुक्रवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान आयोजित बैठक में सुपरवाजरों की कार्यशैली पर खासी नाराजगी जताई।

धीमी गति पर सुपरवाइजर को ठहराया जिम्मेदार

सदर तहसील के सभी सुपरवाइजरों के साथ बैठक में डीएम ने सभी डिप्टी कलेक्टरों की भी समीक्षा की। कहा कि सदर में प्रति 50 बूथ में एक डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाए गए है। लेकिन सदर में फिर भी धीमी गति है। इसके लिए सुपरवाइजर जिम्मेदार हैं। सदर में 49, छाता में 42, मांट में 44, गोवर्धन में 39 तथा बल्देव में 45 सुपरवाइजर है। जिले में कुल 219 सुपरवाइजर है। डीएम ने कहा कि सुपरवाइजरों से बीएलओ को बल मिलता है। सभी बीएलओ युद्ध स्तर पर कार्य करें।

**मृत लेखपाल के परिवार को 50 लाख रुपये की उठाई मांग**

तहसील महावन के परिसर में लेखपाल संघ ने एसआइआर को लेकर फतेहपुर में लेखपाल की आत्महत्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मांग उठी कि मृत लेखपाल के परिवार को 50 लाख रुपये की सहायता दी जाए। शुक्रवार को तहसील परिसर में लेखपालों ने ज्ञापन दिया, जिसमें दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। लेखपाल संघ के अध्यक्ष पवन चौधरी, विकास तिवारी, राजेश यादव, डालचंद, नीरज, पंकज, रिंकू, महेंद्र प्रताप, मेहताब, रमेश चंद्र चाहर व अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# डॉक्टर समेत 8 पर एफआईआर का आदेश

## गलत इलाज से मरीज की मौत, जातिसूचक गालियों के आरोप में एक्शन

**हाथरस** एनएनआई। एक न्यायिक फैसले में न्यायालय ने एक डॉक्टर और सात अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश गलत इलाज के कारण एक मरीज की मौत और उसके बाद जातिसूचक गालियां देने के आरोपों के बाद आया है।

गिजरौली निवासी आकाश वर्मा ने प्रार्थनापत्र दायर कर बताया था कि 13 अक्टूबर को वह अपनी मां को पेट दर्द की शिकायत के साथ प्रेम रघु आयुर्वेदिक पैरामेडिकल हॉस्पिटल ले गए थे। वहां डॉ. भुवनेश ने अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराने को कहा। जांच के बाद रसौली की बात कहकर ऑपरेशन की सलाह दी गई और उसी दिन मां को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। आकाश वर्मा के अनुसार, डॉक्टर के कहने पर अस्पताल में 35 हजार रुपए जमा कराए गए और किसी अन्य डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन किया गया। उसी दिन शाम बजे को ऑपरेशन रूम से प्राइवेट रूम में शिफ्ट कर दिया गया और बताया गया कि उन्हें छह दिन अस्पताल में रहना होगा। रात्रि करीब 2:00 बजे मां की तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टर को बुलाया गया, लेकिन वे नहीं आए और स्टाफ को फोन पर इंजेक्शन आदि लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद मां का स्वास्थ्य और बिगड़ गया। 14 अक्टूबर की सुबह परिजनों ने डॉक्टर से कहा कि यदि इलाज उनके बस में नहीं है, तो किसी दूसरे अस्पताल में रेफर कर दें।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** उतरारा और नूरपुर के बीच एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। शिकोहाबाद डिपो की एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान घाघऊ नगला पांडे निवासी हासिम (22) पुत्र यूनुस खान और इरसाद (20) पुत्र बबलू के रूप में हुई है। वे हासिम की तारीख कराने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही उनकी बाइक मुख्य मार्ग पर पहुंची, एटा की ओर जा रही रोडवेज बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

टक्कर के बाद बाइक बस के नीचे फंस गई। बस चालक बाइक को करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम बनबारा तक घसीटता हुआ ले गया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर चालक ने बस रोकी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस चालक को हिरासत में ले लिया।

बस को थाने भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडे का कहना है कि दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।






# पीएम मोदी की पत्नी जशोदाबेन ने किए जन्मभूमि के दर्शन

**मथुरा** एनएनआई। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की धर्मपत्नी जशोदाबेन शुक्रवार को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचीं। यहां उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन किए। प्रबंध समिति के जनसंपर्क प्रभारी विजय बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम को जशोदा बेन अपने परिजन के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचीं। यहां उन्होंने मंदिर में दर्शन किए। पूजाचार्यों ने मंगलाचरण कर पुष्पांजलि अर्पित कराने के बाद उन्हें चुनरी और प्रसाद दिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रबंधन की प्रशंसा की और पुनः आने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, प्रबंधक राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# इनामी बदमाश रामवीर मुठभेड़ में गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस ने लूट और अपहरण के मामलों में वांछित 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश रामवीर उर्फ बीरा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना दक्षिण पुलिस को शुक्रवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामवीर उर्फ बीरा लालऊ क्षेत्र के जंगल में छिपा हुआ है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। बडी बाउंड्री लालऊ बिहारीपुर रोड पर एक संदिग्ध युवक को रोकने का इशारा किया गया, जिस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर गया। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इटावा के सैफई थाना क्षेत्र निवासी रामवीर उर्फ बीरा पुत्र अर्जुन सिंह के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा



कारतूस बरामद किए गए हैं।

पूछताछ के दौरान रामवीर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि 7 नवंबर 2025 को उसने अपने साथियों मनीष, अभिषेक और राजकुमार के साथ मिलकर फिरोजाबाद में एक ईको गाड़ी लूटने की योजना बनाई थी। चारों ने आगरा जाने के बहाने एक नई ईको गाड़ी रुकवाई और ड्राइवर को तमंचे के बल पर काबू कर लिया।

उसके हाथ-पैर बांधकर सुनसान इलाके में ले गए, जहां मनीष और अभिषेक ने मफलर से गला घोंटकर ड्राइवर की हत्या कर दी। अगले दिन, 8 नवंबर को, आरोपियों ने शिकोहाबाद से बोरा खरीदकर शव को सिरसागंज के पास सर्विस रोड की मक्का कर्ब में डालकर आग लगा दी, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।

# एत्मादपुर में हर शाम, विकराल जाम

## क्षेत्रीय जनता के हाइवे क्रॉस करने पर बिगड़ जाती है ट्रैफिक व्यवस्था



एनएनआई

**एत्मादपुर।** आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोजाना ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ रही है। शादी-विवाह के मौसम में हर शाम यहां की ट्रैफिक व्यवस्था जाम के कारण विकराल हो जाती है। मरीजों को लाती-ले जातीं एंबुलेंस और दूल्हा-बाराती संग सभी यात्री वाहन ट्रैफिक जाम में फंसने पर कई किलोमीटर तक रेंगने को मजबूर हो रहे हैं। आमजन की दुश्वारियों भरी इस विकट समस्या का सबसे बड़ा कारण क्षेत्रीय जनता के हाइवे क्रॉस करने पर थोड़ी-थोड़ी देर बाद वाहनों का किया जाने वाला ठहराव है। लोकल दोपहिया-चार पहिया वाहनों संग पैदल नागरिकों की भीड़ को निकालने के लिए जब हाइवे पर चलने वाले ट्रैफिक को रोका जाता है, उसके बाद ही ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। शाम को जाम टकराने को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के गायब होने पर हालात और बेकाबू हो जाते हैं। नगर में शुक्रवार को दिनभर ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। शाम 4 बजे स्थिति बिगड़ी तो रात्रि 8 बजे तक हजारों वाहन भीषण ट्रैफिक जाम में फंस गए। स्थानीय पुलिस ने आकर व्यवस्था संभाली तब रेंगते हुए आवागमन संचालित हो सका। मोहल्ला सतौली निवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेन्द्र कुमार बघेल ने बताया कि तहसील चौराहे से टूंडला की ओर रेलवे ओवरब्रिज से भी आगे मोहम्मदाबाद तक फिरोजाबाद की ओर से आने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई। दूसरी ओर बरहन तिराहे से लेकर बुढ़िया का ताल से आगे नगला प्रेमसुख तक भी यही हाल था। बरहन तिराहे और तहसील चौराहे पर ट्रैफिक को रोके जाने पर जाम लगने की मुख्य वजह सामने आ रही है। एत्मादपुर तहसील मुख्यालय है। यहां सैकड़ों गांवों की क्षेत्रीय जनता इन्हीं दो मुख्य स्थानों से हाइवे पार करती है। भारी ट्रैफिक के दवाब से बिगड़ने वाली यातायात व्यवस्था के चलते यहां तमाम लोगों की जान जा चुकी है। सैकड़ों लोग अपंगता का दंश झेल रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शाम 4 बजे हाईवे पर वाहनों की अधिक संख्या होने के चलते जाम की स्थिति बनी रही। बरहन रोड निवासी बसपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशव दत्त निमेष ने बताया कि खंदौली रोड चौराहा पर भी शाम को काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। दूल्हा और बाराती सजे-धजे जाम में फंसकर तिलमिलाते नजर आए। सर्विस रोड पर भी वाहन फंसे रहे। मैन बाजार निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता मयंक सिंह ठेकेदार मोनू ने बताया कि हाइवे पर जाम लगने के बाद मुख्य बाजार में भी वाहनों की संख्या बढ़ जाती है।



"नगर में हाइवे के ट्रैफिक जाम के कारण स्थानीय लोगों संग आसपास क्षेत्र की जनता और यहां से गुजरने वाले वाहनों में सवार हजारों यात्रियों व मरीजों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को सरकार के नुमाइंदों को जल्द कदम उठाना चाहिए। क्षेत्र की जनता बहुत परेशान है।

**जितेन्द्र कुमार फौजी, राहगीर अमर विहार कालोनी।"**



नगर में हाइवे पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। महिलाओं और बच्चों को सड़क पार करने पर मन में भय बना रहता है। पालिकाध्यक्ष व क्षेत्रीय सांसद-विधायक संग अन्य जनप्रतिनिधियों को समस्या के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। यहां होने वाले हादसों ने तमाम परिवारों के बच्चों को असमय अनाथ कर दिया है।

**मोनू शर्मा राहगीर, निवासी ग्राम अगवार।"**

# एमईएस के पूर्व अभियंता से 65 लाख की ठगी

एनएनआई

**आगरा।** मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) के पूर्व अभियंता से 65.85 लाख रुपये हड़पने के मामले में एसीजेएम-1 शिवानंद गुप्ता ने प्राथमिकी दर्ज कर थानाध्यक्ष सिकंदरा को विवेचना के आदेश दिए हैं। आरोप शाहगंज के अर्जुन नगर निवासी दीनदयाल उपाध्याय और उनके पुत्र मनीष पर है। उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के रुड़की निवासी प्रदीप कुमार अग्रवाल ने प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। बताया कि वह एमईएस में एयरफोर्स स्टेशन, आगरा में तैनात थे। तब उनकी पहचान दीनदयाल उपाध्याय से हुई थी। 2006 में चंडीगढ़ से अवकाश प्राप्त होने के बाद वह रुड़की में निवास करने लगे। वर्ष 2018 में दीनदयाल उपाध्याय और उनका पुत्र मनीष उपाध्याय घर आए। बताया कि हरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से अपनी फर्म का मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज विभाग में रजिस्ट्रेशन करा लिया है। पंजाब में दो बड़े ऑर्डर निर्माण करने के लिए मिल गए हैं, आप अनुभवी हैं। फर्म में निवेश कर हिस्सेदार बन जाओ तो 50 प्रतिशत मुनाफा आपका होगा। भरोसा कर उन्होंने अपने पुत्र और भतीजे को उनकी फर्म का पार्टनर बना दिया। 65.85 लाख रुपये निवेश किए। फर्म ने चंडीगढ़ में स्कूल निर्माण किया। रुपये मिलने पर विपक्षी ने पार्टनरशिप रद्द कर दी।

# सड़क पर फर्राटा भरते अनफिट वाहन हो रहे हादसों का शिकार



एनएनआई

**एत्मादपुर।** सड़क पर फर्राटा भरने वाले अनफिट वाहन लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं।आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरहन तिराहे के पास वायो मेडिकल वेस्ट प्लांट की मैक्स वैन में अचानक आग लगने से फैली दहशत का भी यही कारण रहा। शार्ट सर्किट से आग लगने पर धूं-धूं कर जली वैन से लपटें उठीं तो आसपास के दुकानदार शटर गिराकर भाग खड़े हुए। इस दौरान एक लाइन का ट्रैफिक भी थम गया। वैन चालक ने कूद कर जान बचाई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने पहुंची तब तक वैन जलकर खाक हो चुकी थी।

बुढ़िया का ताल पर जेआरआर कंपनी का वायो मेडिकल वेस्ट प्लांट संचालित है। कंपनी की तीन दर्जन से अधिक वैन गाड़ी विभिन्न जनपदों के अस्पतालों से वायो मेडिकल वेस्ट लाने का काम करती है। गुरुवार को एक गाड़ी शिकोहाबाद में खराब हो गई तो उसमें भरे वेस्ट को दूसरी वैन भेजकर मंगा लिया गया। खराब हुई खाली वैन को टूंडला निवासी चालक रोबिन कुमार लेकर आ रहा था। एत्मादपुर में बरहन तिराहे के पास हरी बैटरी हाउस के सामने वैन में अचानक आग लग गई। इससे अफरा तफरी मच गई। आग की घटना के दौरान टायर और डीजल की टंकी फटने पर कुछ देर के लिए हाइवे पर दहशत का माहौल बन गया। वैन चालक रोबिन ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन कंपनी की वैन जलकर खाक हो गई। मौके पर खड़े ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों के सूचना देने पर बरहन फायर स्टेशन से जब तक दमकल आग बुझाने को आई तब तक वायो मेडिकल वेस्ट प्लांट की मैक्स वैन पूरी तरह जल चुकी थी। टेक्नीकल जानकारों का कहना है कि इस प्रकार के हादसे अनफिट वाहनों के साथ अधिक होते हैं।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# लाइसेंसी राइफल साफ करते समय चली गोली सर के पार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौके पर मौत

एनएनआई



**आगरा।** राइफल साफ करते समय चली गोली से दर्दनाक हादसा हो गया। जब सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गोली लग गई। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची पत्नी ने देखा कि पति खून से लथपथ हैं। घटना के समय घर के अन्य सदस्य बाहर गए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। घटना सदर क्षेत्र की है।

उत्तर प्रदेश के आगरा के राजपुर चुंगी पन्ना पैलेस निवासी ज्ञानेश शर्मा (42) सुबह छत पर बैठकर राइफल साफ कर रहे थे। सेमी ऑटोमेटिक लाइसेंसी राइफल साफ करते समय अचानक गोली चल गई और उनके सिर पर लगी। गोली की आवाज सुनकर पत्नी छत पर पहुंची तो सामने खौफनाक दृश्य था। ज्ञानेश खून से लथपथ छत पर पड़ा हुआ था। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी। हादसे के बाद घर में रोना पीटना मच गया। ज्ञानेश शर्मा के पिता रिटायर्ड फौजी सत्यदेव शर्मा है। जिन्होंने ब्राह्मण महासभा की स्थापना की थी। जबकि ज्ञानेश शर्मा सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और इस समय 'वर्क फ्रॉम होम' पर थे। घर में पत्नी और दो छोटे बेटे हैं. परिजनों के अनुसार ज्ञानेश के पिता सत्यदेव और मां बगल में गमी में शामिल होने के लिए गए थे, जबकि दोनों बेटे स्कूल में थे। घटना के समय घर पर पत्नी अकेले थी। जो नीचे काम कर रही थी। गोली की आवाज सुनकर ऊपर पहुंची पत्नी ने देखा कि ज्ञानेश खून से लथपथ पड़े हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 29 नवम्बर, 2025


# छः दिन हैं शेष

## मतदाता बीएलओ को गणना पत्र भर कर तत्काल कराएं उपलब्धः डीएम

### वर्चुअल मीटिंग कर की समीक्षा

- ऐसे बीएलओ जिनके गणना पत्र वितरण,संकलन व डिजिटाइजेशन की प्रगति धीमी है उन्हें चिह्नित कर उनके साथ अतिरिक्त सहायक लगा कर,तेजी लाने के दिए निर्देश



एनएनआई

**आगरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर)-2026 के अंतर्गत मतदाता गणना पत्रों के वितरण , संकलन व डिजिटाइजेशन की नगर निगम स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में बनाए गए गणना पत्र फीडिंग सेंटर में वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर का भी निरीक्षण कर उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइजर, ऑपरेटर को प्रेरित किया तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि जनपद की शहरी क्षेत्र में स्थित 87-आगरा कैंट विधानसभा,88- आगरा साउथ व 89- आगरा नॉर्थ विधानसभाओं में एसआईआर के तहत गणना पत्र वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन के कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए डिजिटाइजेशन कार्यों में तेजी लाने हेतु स्मार्ट सिटी ऑफिस में गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर बनाया गया है जहां,संबंधित विधानसभाओं के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ गणना पत्र डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं।जिलाधिकारी महोदय ने विधानसभावार गणना पत्र संकलन तथा उनके डिजिटाइज की जानकारी ली तथा ऑपरेटर की संख्या बढ़ाने शिफ्टवार ड्यूटी लगा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे बीएलओ जिनके द्वारा गणना फॉर्म का संकलन तो किया गया है लेकिन उन्हें डिजिटाइज नहीं कर पा रहे थे या उन्हें डिजिटाइजेशन में कठिनाई आ रही थी उनको चिह्नित कर उन्हें सहयोग किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र की विधानसभाओं में एसआईआर के कार्य में धीमी प्रगति पर सभी ईआरओ को एक -एक बूथ की मॉनिटरिंग कर, धीमी प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शहरी विधानसभाओं में बूथ बार कितने मतगणना पत्र वितरण किए, संकलन तथा उनको डिजिटाइज की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने गणना पत्र संकलन पर जोर देने तथा नजदीक के गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर पर फीडिंग हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मात्र 07 दिन अंतिम तिथि के शेष हैं।

# मेट्रो निर्माण में गति संग बढ़ रहे हादसे

एनएनआई

**आगरा।** शहर में मेट्रो का काम काफी तेजी से चल रहा है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आरबीएस कॉलेज से मनः कामेश्वर मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रैक का काम 50% पूरा हो गया है। इसके साथ ही 4 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों की फिनिशिंग का काम भी अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक ताज ईस्ट गेट से आईएसबीटी तक मेट्रो चलने की उम्मीद है।आगरा में मेट्रो के दो कॉरिडोर तैयार हो रहे हैं। पहला ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा और दूसरा आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक। पहले कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन (ताज ईस्ट गेट से मनः कामेश्वर स्टेशन) के बीच मेट्रो का संचालन हो रहा है। इसमें तीन अंडरग्राउंड और तीन एलिवेटेड स्टेशन है। मनः कामेश्वर से आरबीएस कॉलेज तक काम काफी तेजी से चल रहा है। इस बीच 4 अंडरग्राउंड स्टेशन (मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजामंडी और आरबीएस) हैं इन सभी का सिविल वर्क पूरा हो गया है। यहां फिनिशिंग वर्क चल रहे हैं। इन स्टेशनों के बीच ट्रैक बिछाने का काम भी आधा हो गया है। आरबीएस से मनः कामेश्वर के बीच में अप और डाउन मिलाकर लगभग 12 कमिी ट्रैक बिछाने का काम किया जा रहा है। इस भाग में अब तक 6 किमी ट्रैक बनकर तैयार हो गया है।



### जाम और गड्डों से त्रस्त शहरवासी

आगरा की एम.जी. रोड पर मेट्रो निर्माण के कारण पहले से ही रोज जाम और गड्डों की परेशानी बनी हुई है। धाकरन चौराहे के पास बैरिकेडिंग से बाहर निकले एक तार में बाइक का हैंडल फँस गया, जिससे दो युवक सड़क पर गिर गए और उन्हें चोट आई। मेट्रो कार्य को लेकर शहरवासियों का कहना है कि काम हो रहा है ठीक है लेकिन इससे किसी को दिक्कत न हो इसका भी शासन-प्रशासन ध्यान रखे। एम.जी. रोड पर निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक बुरी तरह प्रभावित है। पीक टाइम से लेकर लगभग हर वक्त जाम लगना आम बात हो गई है। जहां पहले 15 मिनट में तय होने वाला रास्ता था, अब वहीं 45 मिनट लग रहे हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। मेट्रो निर्माण क्षेत्र में यह हादसा उस समय हुआ जब विकास और आलोक अपनी बाइक से गुजर रहे थे। बैरिकेडिंग के किनारे एक लाइट का तार बाहर निकला हुआ था।

# एसआईआर को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

एनएनआई

**आगरा।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए शहरभर में जागरूकता कार्यक्रम और विशेष कैंप लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड 91 बल्केश्वर में पार्षद मुरारी लाल गोयल के नेतृत्व में शुक्रवार को एक विशेष एसआईआर कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप सिन्धी धर्मशाला, ब्लॉक 73, बलकेश्वर कॉलोनी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। कैंप का मुख्य उद्देश्य था- गणना फॉर्मों का वितरण, फॉर्मों का संकलन और उनके डिजिटाइजेशन कार्य को गति देना। क्षेत्रीय मतदाताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाया। बीएलओ ने लोगों को फॉर्म भरने में सहयोग किया, वहीं कई अन्य बीएलओ मौके पर ही फॉर्मों की फीडिंग में लगे रहे। पूरी प्रक्रिया की निगरानी सुपरवाइजर द्वारा की गई, जिससे कार्य पारदर्शी और तेज गति से आगे बढ़ता रहा।



पार्षद मुरारी लाल गोयल ने बताया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में अब सिर्फ 7 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि कैंप का उद्देश्य बीएलओ और मतदाताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि फॉर्म जमा कराने और जांच कराने की प्रक्रिया सहज और सुचारू हो सके।

कैंप में मजबूत उपस्थिति दर्ज करते हुए सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के कई प्रमुख लोग पहुंचे, जिनमें विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शिव शैलेंद्र रामजी, संजय मोहन, विश्वनाथ भारद्वाज, मयंक खंडेलवाल, इंदर डाबर, राज खेमानी, मीनाक्षी शर्मा, देवेंद्र चौहान, गुरुदास गुरनानी, मुनेश्वर, विमल जैन, अरुण शिरोमणी, प्रेम सिंह आदि शामिल रहे।

# गोपी-उद्धव संवाद ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**श्रीमद्भागवत कथा में नंदबाबा का यमुना में प्रवेश, कंस वध का हुआ भक्तिमय वर्णन**

एनएनआई



**आगरा।** प्रेम ही सच्चा योग है जो किसी तर्क और उपदेश से नहीं बंधता। ज्ञान और भक्ति के अनूठे संगम गोपी-उद्धव संवाद ने सभी श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। जब कृष्ण ने गोकुल की व्यथा समझकर उद्धव को संदेश देने गोकुल भेजा, तब गोपियाँ उनके ज्ञान-उपदेश से अधिक कृष्ण के वियोग को सत्य मानती रहीं। उन्होंने उद्धव को समझाया कि प्रेम ही सर्वोच्च योग है, जो किसी तर्क या उपदेश से नहीं बँधता। बोदला, महारानी बाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज भगवताचार्य दिनेश दीक्षित ने महारास, नंदबाबा का यमुना जी में प्रवेश और स्वगर्ग जाना, कंस वध की कताका भक्तिमय व्याख्यान किया।

नंदबाबा एक बार यमुना में स्नान करने गए, जहाँ वरुण के सेवकों ने भूलवश उन्हें पकड़ लिया। कृष्ण के हस्तक्षेप से न केवल नंदबाबा मुक्त हुए, बल्कि जललोक के देवताओं का भी आशीर्वाद मिला। बताया कि नंदबाबा को गरुड़ द्वारा स्वर्ग ले गया, जहाँ देवताओं ने उनका सम्मान कर-के पुनः पृथ्वी पर वापस भेजा। घटना का सार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवत भक्ति में लीन व्यक्ति सदैव दिव्य संरक्षण से आच्छादित रहता है। महारास केवल नृत्य नहीं, अपितु आत्मा और परमात्मा के मिलन की सर्वोच्च अनुभूति है, जहाँ हर गोपी को यह प्रतीति होती है कि भगवान केवल उसके साथ हैं। श्रीकृष्ण के मथुरा आगमन, धनुष-यज्ञ विफल करने और कंस का वध कर जेल में बंद देवकी-वसुदेव को मुक्त कराने की कथा सुनाकर व्यासपीठ ने स्पष्ट किया कि यह प्रसंग धर्म की विजय और अत्याचार के अंत का प्रतीक है। कथा में यशी राघव कृष्ण और भूमि राघव रुक्मणि का स्वरूप रखकर पहुंची।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भूपेन्द्र चौधरी और रेणु चौधरी, रीना अग्रवाल, ऋषि शर्मा, सतीश सोलंकी, भव्या, मेजर बरखा, प्रीति शर्मा, कमलेश गुप्ता, मनीष शर्मा, अजय राजपूत, अरविंद दुबे, कुशाग्र आदि उपस्थित थे।

# आत्मविश्वास संग भविष्य की दुनिया के लिए तैयार करती है श्री गिर्राज देवांश एकेडमी

**देवांश धनगर के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम**

एनएनआई



**आगरा।** श्री गिर्राज देवांश एकेडमी में शुक्रवार को एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन देवांश धनगर के 15वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में रखा गया, जिसमें कई सम्मानित मेहमानों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य मेहमान के रूप में डॉ. प्रमेश पाल (असिस्टेंट प्रोफेसर, आरबीएस कॉलेज आगरा) उपस्थित रहे, जिनके साथ डॉ. भूरी सिंह, रॉबिन सिंह, अशोक बघेल, बादल बघेल और अमित बघेल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। सभी मेहमानों ने एकेडमी के कार्यों की सराहना की और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। श्री गिर्राज देवांश एकेडमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मुफ्त कोडिंग, एबेकस, रोबोटिक्स और तकनीक-आधारित शिक्षा दी जाती है, जहाँ बच्चों को आधुनिक युग के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। मेहमानों ने कहा कि इस तरह की पहलें न बाकी बच्चों का आत्मविश्वास होता है बल्कि उन्हें भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार भी करती हैं। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा था एकेडमी के छात्र – सुमित, वरुण, यश, गगन और देवेश – द्वारा प्रस्तुत रोबोटिक्स का प्रदर्शन। बच्चों ने मिलकर एक रोबोटिक्स प्रोजेक्ट तैयार किया था, जिसे मंच पर दिखाया गया। उनकी तकनीकी समझ, अनुशासन और टीमवर्क की सभी ने सराहना की। प्रोजेक्ट ने दर्शकों को न सिर्फ. प्रभावित किया बल्कि बच्चों की नवीन क्षमता का भी प्रमाण दिया। इसी अवसर पर देवांश धनगर ने मंच पर गूगल सर्टिफिकेट और अबेकस ओलंपिक सर्टिफिकेट विजेता छात्रों को प्रदान किया। सर्टिफिकेट देने वाले बच्चों के पहनावे पर गर्व और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। देवांश ने अपने संबोधन में कहा कि–बच्चों की सीख, उनकी जिज्ञासा और मेहनत ही एकेडमी की असली ताकत है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा टेक्नीक को समझे, कुछ नया सीखे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े।

# गिग वर्कर्स एसोसिएशन एवं हॉकर जॉइन एक्शन कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

एनएनआई



**आगरा।** भारत में प्लेटफॉर्म वर्कर्स की इनकम हेल्थ, काम और सोशल सिक्योरिटी अधिकारों पर तुरंत ध्यान देने और छोटे मजदूरों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अमेजन इंडिया वर्कर्स यूनियन, हॉकर जॉइंट एक्शन कमेटी और गिग वर्कर्स एसोसिएशन की तरफ से हॉकर जॉइंट एक्शन कमेटी अमेजन इंडिया वर्कर्स यूनियन और गिग वर्कर्स एसोसिएशन के साथ मिलकर, जो फूड, ग्रॉसरी, राइड शेयरिंग, घरेलू और पर्सनल केयर में प्लेटफॉर्म वर्कर की यूनियनों का एक नेटवर्क है- उत्तर प्रदेश में हजारों प्लेटफॉर्म वर्कर्स को प्रभावित करने वाले लेबर राइट्स और काम करने की शिकायतों के सिस्टमैटिक उल्लंघन की ओर आपका तुरंत ध्यान दिलाते हुए खुश हैं जिसमें फ्रंट एंड पर गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स और बैक एंड पर वेयरहाउस वर्कर्स शामिल हैं। हम नीचे साइन करने वाले यूनियन और फेडरेशन, जो उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 45 लाख से ज्यादा डिलीवरी पार्टनर कैब ड्राइवर, ई-कॉमर्स वेयरहाउस वर्कर और 25 लाख से ज्यादा पारंपरिक स्ट्रीट वेंडर हॉकर और ठेला-मालिकों को रिप्रेजेंट करते हैं आपके तुरंत और ऐतिहासिक दखल के लिए हाथ जोड़कर यह यादगार पेश करते हैं।

# 250 से अधिक स्कूली बच्चों के लिए लगा विशेष सत्र



एनएनआई

**आगरा।** डाबर च्यवनप्राश की ओर से श्रीमती कमला अरुण इंटर स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ शुरू किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, ब्यास आनंद, सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख डाबर इंडिया लिमिटेड, ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ श्वेता कौशिक ने कहा मौसम परिवर्तन के चक्रों के दौरान अचानक तापमान परिवर्तन होता है, जो खांसी, ठंड और फ्लू जैसे संक्रमण और बीमारियों का कारण है। डॉ. भारतेन्द्र अरुण, कमला अरुण इण्टर कॉलेज ने कहा कि समय-समय पर हेल्थ का लेकर बच्चों को जागरूक करना डाबर इंडिया लिमिटेड का सरानीय काम है। इससे बच्चों में हेल्थ को लेकर जागरुकता बढ़ेगी।



# गर्व है कि मैं आगरा की बेटी हूं: दीप्ति शर्मा

■ माया मित्तल चैरिटेबिल ट्रस्ट (अतुल ग्रुप) ने विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की प्लेयर दीप्ति शर्मा को पांच लाख का चेक प्रदान पर परिवार के साथ किया सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** जय हो, जय हो... और चक के इंडिया जैसे गीतों से गूंजता परिसर। जहां दबंग एंड ओनली वन दीप्ति शर्मा के स्वागत में सैकड़ों की संख्या में जुटे शहरवासी। देश और शहर की बेटियों को अपने सपने पूरे करने का संदेश देती दीप्ति ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मैं आगरा की बेटी हूं। परिवार के साथ अपने शहर में सम्मान मिलना मेरे लिए गौरव की बात है।

दयालबाग स्थित मित्तल मिशन में आयोजिक सम्मान समारोह का शुभारम्भ दीप्ति ने ध्वजारोहण कर किया। देश और शहर के लिए आगे भी और बेहतर करने का हमेशा प्रयास करती रहूंगी। कैबिनेट मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि खेल के क्षेत्र में अपनी बेटियों को आगे लाएं। खेल पगडंडियां आईजी और पद्मश्री जैसा सम्मान दिलाएंगी। कहा कि जो शहर अपने शहर का नाम रोशन करने वालों का सम्मान नहीं करता वह आगे नहीं बढ़ पाता। वहीं मेयर हेमलता दिवाकर ने कहा कि देश में बच्चों के पास हुनर की कमी नहीं। हुनरवान बच्चों को प्लेटफार्म नहीं मिलता, जिसकी कमी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव को प्रारम्भ कर पूरी की। आज देश के युवा खेल जगत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, डीआईजी शैलेश पांडे, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, जिलाधिकारी रविन्द मलप्पा, पूरन डावर, डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, जितेन्द्र चौहान, पूनम सचदेवा, रेनुका डंग आदि उपस्थित थे।

## सेल्फी लेने के लिए लगी लम्बी कतार

दीप्ति शर्मा के साथ सेल्फी लेने के लिए हर शहरवासी ललायित था। वहीं हाथ में माला लिए शहरवासियों की लम्बी कतार थी जो दीप्ति के सम्मान के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने ढोल बजाकर दीप्ति शर्मा का स्वागत किया और फोटो भी खिंचवाई।

**पांच लाख का चेक प्रदान किया**

मित्तल मिशन की ओर से दीप्ति शर्मा को रामसरन मित्तल व अन्य परिवारीजनों ने पांच लाख का चेक व क्रिकेट मैदान में मौजूद दीप्ति की फोटो प्रदान की। संजीव मित्तल ने दीप्ति को दबंग एंड ओनली वन कहते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि भारत के लिए क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि इमोशन है। आशु मित्तल ने कहा कि यह सम्मान छोटी सी गली में देखे गए सपने को साकार करने का सम्मान है। दीप्ति ने सिर्फ क्रिकेट नहीं खेला बल्कि इतिहास रचा है। इस अवसर पर दीप्ति शर्मा के माता पिता भगवान शर्मा, सुशीला शर्मा, भाई, सुमित व प्रशान्त भी मौजूद थे। निकुंज मित्तल, आकांक्षा मित्तल, अनुप्रिया, नमन मित्तल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।



मून इंटर स्कूल क्रिकेट प्रीमियर लीग

# प्रिल्यूड ने भारतीय विद्यापीठ को 10 विकेट से हराया

एनएनआई

**आगरा।** स्वर्गीय सुरेश चंद्र विभव की स्मृति में मून इंटर स्कूल क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज हो गया है। चार दिसंबर तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में 10 स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

टूर्नामेंट में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएँगे, जिसके अंतर्गत पहला मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल व आगरा पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 157 रनों से आगरा पब्लिक को हराया और दूसरा मैच प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल व भारतीय विद्यापीठ के मध्य खेला गया, जिसमें प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल ने भारतीय विद्यापीठ को 10 विकेट से हराया। कार्यक्रम में शारदा गुप्ता व महेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनके कर-कमलों से विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुमित विभव, समीर गुप्ता, राजीव दीक्षित, राहुल पालीवाल, पराग गौतम, अजय कदम, मेहुल गुप्ता, एस. के. सिंह आदि उपस्थित रहे।



# डॉ चंद्रपाल सिंह का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

आईसीए-एपी के श्रीलंका में हुए चुनाव में चुने गए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष

**आगरा एनएनआई।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 27 नवंबर को 17वें अंतरराष्ट्रीय कोऑपरेटिव गठबंधन आईसीए-एपी के चतुर्थ वर्षीय हुए चुनाव में डॉ चंद्रपाल सिंह को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बनने के बाद स्वदेश लौटने के उपरांत पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार भाटी सभापति जिला सहकारी बैंक, आदित्य कुमार दुबे अपर आयुक्त एवं अपर निबंधन सहकारिता आगरा मंडल, डॉ मनीष चौहान वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको, प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको, राहुल पैंगोरिया सहकारिता विभाग एवं पूर्व वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको सहित लगभग 40 सहकारी बंधु सम्मिलित हुए।



# कर्नाटक में फिर चमका आगरा का यादव परिवार

## द्वितीय ओपन नेशनल एयर राइफल बेंचरेस्ट चैम्पियनशिप में चौथी बार रचा स्वर्णिम इतिहास

एनएनआई

**आगरा/बंगलुरु।** कहते हैं जब जुनून दिशा पा ले और संकल्प गति बन जाए, तब सफलता केवल एक पड़ाव नहीं बल्कि एक परंपरा बन जाती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है आगरा के यादव परिवार ने, जिसने कर्नाटक में आयोजित द्वितीय ओपन नेशनल एयर राइफल बेंचरेस्ट शूटिंग चैम्पियनशिप में एक बार फिर अपने कौशल और साहस की ऐसी अमिट छाप छोड़ी कि पूरा परिसर तालियों की गूंज से जगमगा उठा।

कर्नाटक स्टेट रिमफायर एंड बेंचरेस्ट शूटिंग फेडरेशन द्वारा रैब्साई के सहयोग से मालूर तालुक, कोलार ज़िले में 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में यादव परिवार ने जो प्रदर्शन किया, वह राष्ट्रीय मंच पर शौर्य, शुचिता और शानदार प्रतिभा का एक अद्वितीय मिश्रण बनकर उभरा।

**चार विजेता — एक परिवार, एक गौरवगाथा**




पियूषिका यादव ने 236/250 के शानदार स्कोर के साथ महिला (20+) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता व महिला वर्ग में प्रेसिओल स्पोर्ट्स कंपनी की बेंचरेस्ट प्रो एयर रायफल जीती। मास्टर वेदार्य सिंह यादव ने 236/250 के अद्वितीय स्कोर के साथ वेदार्य ने अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जूनियर बॉयज के सर्वोच्च स्कोरर बनकर एआरबीएन स्पोर्ट्स की एयर राइफल भी प्राप्त की। मास्टर अद्वैत सिंह यादव (10 वर्ष) न केवल 10 वर्ष की आयु में अद्वैत ने वरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए अंडर-19 वर्ग में कांस्य पदक जीता। मधुकर यादव ने 224/250 के मजबूत स्कोर के साथ मेंस मास्टर्स टीम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया।

# आरोप: अधिकारियों के दबाव के चलते हुई लेखपाल की मौत

एनएनआई



**किरावली।** जनपद फतेहपुर में कार्यरत 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की मृत्यु के मामले में परिजनों और स्थानीय कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को तय थी, जिसके लिए वह कई दिनों से छुट्टी मांग रहे थे, मगर बार-बार निवेदन के बावजूद उन्हें छुट्टी नहीं दी गई। बताया गया कि 22 नवंबर 2025 को एसडीएम द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित न होने पर उन पर कार्य पूरा न करने और अवैध पैसे देने तक का दबाव बनाया गया।

इसके बाद 25 नवंबर 2025 की सुबह अधिकारियों ने उनके घर पहुंचकर दबाव बनाया, तो लेखपाल सुधीर कुमार तनाव में आ गए और उसी तनाव एवं अवसाद के कारण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाते हुए कथित रूप से फांसी लगा ली। परिजन इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि अधिकारियों की असंवेदनशीलता से हुई 'प्रेरित हत्या' बता रहे हैं।

परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद भी एफआईआर दर्ज कराने में टाल-मटोल की गई। कई घंटे बाद जब ग्रामीणों ने दबाव बनाया, तब जाकर एफआईआर दर्ज की गई, वह भी अधूरी और कमजोर धाराओं में। आरोप है कि नामजद आरोपियों—संजय कुमार सक्सेना (पीसीएस) सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों—के नाम रिपोर्ट में शामिल न करके केवल राजस्व निरीक्षक को दोषी ठहराया गया, जिससे स्पष्ट है कि प्रशासन मामले को कमजोर करने में लगा है। ज्ञापन में कहा गया है कि लेखपालों पर विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्यों का अत्यधिक दबाव डालना आज आम बात बन गई है। अधिकारियों द्वारा समीक्षा न करने और कम समय में कार्य पूरा कराने के दबाव के चलते लेखपाल सार्वजनिक अपमान, फटकार, त्रासदीपूर्ण व्यवहार, वेतन रोक, निलंबन जैसी स्थितियों का सामना करते हैं। लेखपाल संघ तहसील किरावली ने मुख्यमंत्री से मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता तथा लेखपालों के साथ अमानवीय व्यवहार बंद कराने की मांग की है।

## बाह में भी कर्मचारियों का प्रदर्शन

**बाह।** लेखपाल संघ ने एसआईआर का समय बढ़ाए जाने एवं फतेहपुर में लेखपाल की मौत के जिम्मेदारों पर कार्यवाही किए जाने, उनके परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने आदि मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय बाह पर धरना प्रदर्शन किया। लेखपाल संघ ने आश्रितों को 50 लाख की सहायता और सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से एसआईआर का समय बढ़ाए जाने, अधिकारियों को सद व्यवहार, संवेदनशीलता एवं संवाद स्थापित किए जाने के आदेश निर्गत किए जाने, पुनरीक्षण कार्य की प्रोत्साहन राशि एक माह के वेतन के बराबर किए जाने की। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष यशवेन्द्र सिंह, मंत्री अमित कुमार, राजेन्द्र बघेल, जितेन्द्र उपाध्याय, रामनिवास, अमित कटारा, प्रियांशू आर्य, गोविंद सिंह, रवीदत्त, कार्तिकेय तोमर, श्रद्धा भदौरिया, शिवानी, प्रियंका धाकरे आदि रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** ग्राम ओलेंडा के नगला कुम्हार में यकायक शॉर्ट सर्किट से लगी आग से भूसा की बुर्जी ,झोपड़ी आदि चलकर नष्ट हो गई। वही दो पशु भी झुलस गए। जिसके चलते लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

ग्राम नगला कुम्हार में गीतम एवं पीतम पुत्रगण दुर्गी के घर के पास ही स्थित दो झोपड़िया में यकायक आग लग गई जिससे उसके पास ही लगी तीन भूसा की बुर्जियों में लगभग 300 मन भूसा ,चारपाई, साइकिल, टायर व अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया एवं वहीं बंधी दो भैंस भी झुलस गई। घटना की सूचना पर दमकल भी पहुंच गई ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के सामूहिक प्रयास से कई घंटे में आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू चाहर मौके पर पहुंच गए एवं उन्होंने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर आग से हुई क्षति का आकलन करवाया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई। घटना से पीड़ितों को हुई क्षति का मुआवजा दिलवाये जाने की ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद ने मांग की है।



## एनडीआरएफ ने सीएचसी पर दिया भूकंप, आगजनी, आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बाह एनएनआई।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने शुक्रवार को बाह सीएचसी पर भूकंप, आगजनी, बाढ़ की आपदा प्रबंधन का चिकित्सा एवं उपचार करने वाले कार्मिको को प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ के धर्मपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अरुण सिंह सिसोदिया ने भूकंप, आगजनी, बाढ़, सड़क हादसे और गर्मी से संबंधित बीमारियों आदि आपदाओं के दौरान बचाव के उपाय, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी और प्रतिक्रिया देने की तकनीकें बताईं। प्रशिक्षण में सीपीआर, रक्तस्राव नियंत्रण, गला रुकने पर किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की सही तकनीक समझाई। आपात काल में सुरक्षित निकासी के बारे में रणनीतिक जानकारी दी। बाढ़ भूस्खलन, रासायनिक, जैविक, रेडियोलाजीकल एवं न्यूक्लियर आपात काल की स्थिति से निपटने के लिए खोज और बचाव के बारे में प्रशिक्षण दिया। सिलिंडर में आग लीक होने, आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियां समझाई। प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुशवाह, डॉ. जेआर गौतम, फार्मासिस्ट मनोज शर्मा, रवी प्रकाश, अजय सविता, धीरज सविता, वीरेन्द्र कुशवाह एवं नर्सिंग स्टाफ शामिल रहा।

## श्रम कानूनों के विरोध में दवा प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

एनएनआई

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए चार श्रम कानून के विरोध में सदर तहसील में प्रदर्शन किया। श्रम कानून की प्रतियां जलाकर एवं काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, सचिव राजेश वशिष्ठ के नतृत्व में शुक्रवार को दवा प्रतिनिधि शुक्रवार की सुबह सदर तहसील में एकत्रित हुए। यहां दवा प्रतिनिधियों ने लागू हुए चार नए श्रम कानून की प्रतियां जलाई



और काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। चार श्रम कानून के विरोध में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार बलवंत उपाध्याय को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम 1976 सहित मौजूदा श्रम कानूनों को जारी रखने, असंवैधानिक व मजदूर विरोधी श्रम शक्ति नीति 2025 खत्म करने, औद्योगिक विवाद संशोधन अधिनियम, फिक्स्ड टर्म इंप्लायमेंट पर नियुक्ति न देने, नियोक्ताओं द्वारा सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की छंटनी और स्थानांतरण की अनुमति न दिए जाने समेत अन्य मांगें शामिल हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार की ओर से उनकी मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन द्वारा आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में राजकुमार विजय, शाहिद खान, आतिफ जिलानी, अभय तिवारी, आशीष सक्सेना, सुजीत वर्मा, मोहम्मद अशरफ, सुशांत मुखर्जी, तंजीम अख्तर, मुनीश कुमार, गणेश साहू, विकास कुमार, शाहिद हुसैन, अभिषेक कुमार, प्रदीप सोलंकी, गिरीश, शिवम कुमार मौजूद रहे।

## हाइवे पर सड़क का होगा चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण

एनएनआई

**अछनेरा।** क्षेत्र के विकास को एक और बड़ी सौगात मिली है। करीब 38 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से नगला सदले (मथुरा सीमा) से शुरू होकर एन एच -2 पनवारी, अटूस, नागर सहाई होते हुए एन एच-11 मार्ग तक सड़क के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और कुल कायाकल्प के लिए सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। विधायक चौधरी बाबूलाल के अनुसार यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक उठाया था। उनके पत्र को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने लोक निर्माण विभाग को कार्य कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। विधायक ने कहा कि जो भी विकास कार्य प्रस्तावित किए, वे हमेशा सफल हुए। हमारा लक्ष्य क्षेत्र को पूरी तरह विकसित बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में—चाहे विधायक, मंत्री या सांसद रहते हुए—उन्होंने हमेशा क्षेत्र के उत्थान को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र का कोई भी कोना ऐसा नहीं है जहाँ उनके प्रयासों से विकास कार्य न हुए हों। विधायक चौधरी बाबूलाल ने दावा किया कि वह सिर्फ वादे नहीं करते, बल्कि उन्हें पूरा भी कर दिखाते हैं।

आप सभी के आशीर्वाद से हर कार्य की स्वीकृति लाते हैं, विकास किया है और आगे भी करते रहेंगे। स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर उत्साह है, क्योंकि इसके बन जाने से आवागमन आसान होगा, व्यापार बढ़ेगा और क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

## बच्चों की उपलब्धि विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता का पैमाना

एनएनआई

**आगरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आगरा में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अपने विकास क्षेत्र से अधिक अधिक संख्या में आवेदन करने वाले परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डायट आगरा पुष्पा कुमारी ने प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया । सम्मान समारोह में जनपद आगरा के लगभग 40 उन विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन विद्यालयों में 10 से अधिक आवेदन हुए हों तथा वे विद्यालय विकास क्षेत्र के प्रथम पांच सर्वाधिक आवेदन करने वाले विद्यालयों में रहे हों। ऐसे विद्यालयों को एन.एम.एम.एस. रजिस्ट्रेशन स्टार स्कूल ऑफ द ब्लॉक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट पुष्पा कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यालय की वास्तविक उपलब्धि हमारे बच्चों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन तथा उनकी उपलब्धि प्राप्त करना होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि विकास क्षेत्र में सर्वाधिक संख्या में आवेदन करने के लिए आज सम्मानित हुए विद्यालय बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में प्रवक्ता लक्ष्मी शर्मा, यशवीर सिंह, हिमांशु सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अनिल कुमार, संजीव कुमार सत्यार्थी, डॉ प्रज्ञा शर्मा, रंजना पांडे, यशपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ दिलीप गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद गौतम, अबू मोहम्मद आसिफ मुकेश सिंह सहित समस्त डायट स्टाफ मौजूद रहे।

## संपादकीय

# आर-पार की लड़ाई के मूड में डीएसके

लाख टके का सवाल है कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक के बारे में कब फैसला करेगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि कांग्रेस फैसला नहीं कर रही है और हर बार नेतृत्व परिवर्तन के सवाल को यह कह कर टाला जा रहा है कि कोई विवाद नहीं है। इसी तरह का विवाद छत्तीसगढ़ को लेकर हुआ था और उसका नतीजा सबके सामने है। कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सरकार के वरिष्ठ मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच उसी तरह का सत्ता संघर्ष चल रहा था, जैसा अभी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच चल रहा है। छत्तीसगढ़ में भी पॉवर शेयरिंग फॉर्मूले की वजह से ही टकराव था। वहां भी सिंहदेव कह रहे थे कि उनको ढाई साल के बाद मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद बघेल ने ढाई साल में पद छोड़ने के कथित फॉर्मूले को मानने से इनकार कर दिया था।सत्ता परिवर्तन नहीं होने का भारी नुकसान कांग्रेस को हुआ। कांग्रेस ने 2018 में जीती 68 में से 33 सीटें गंवा दी। वह 35 सीटों पर सिमट गई। इसी तरह का नुकसान शिवकुमार कर्नाटक में भी बता रहें हैं। उनका कहना है कि व्यापक हिंदू समाज भाजपा के साथ एकजुट हो रहा है। छत्तीसगढ़ में ऐसा ही हुआ था। कांग्रेस के वोट में एक फीसदी की कमी आई थी लेकिन भाजपा का वोट 14 फीसदी बढ़ा था, जिससे उसको 2018 के मुकाबले 39 सीटें ज्यादा मिलीं।

कर्नाटक में डीके शिवकुमार के समर्थक भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि ढाई साल के बाद शिवकुमार को सीएम बनाने का फॉर्मूला तय हुआ था लेकिन सिद्धारमैया इनकार कर रहे हैं। सिद्धारमैया ने कहा है कि वे पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे पहली बार जब वित्त मंत्री बने तो कहा गया कि वे एक सौ भेड़ें भी नहीं गिन सकते हैं लेकिन उन्होंने 16 बजट पेश किए हैं और आगे भी बजट पेश करेंगे। उनके कार्यकाल पूरा करने वाले बयान पर शिवकुमार ने व्यंग्यात्मक लहजे में शुभकामना दी। ऐसा लग रहा है कि यह सत्ता संघर्ष अब निर्णायक दौर में पहुंच गया है। शिवकुमार इस बार दिल्ली पहुंचे तो उनके साथ उनके समर्थक विधायक भी थे। एन चेलुवरयस्वामी, इकबाल हुसैन, एचसी बालकृष्ण, आर निवास सहित अनेक विधायक दिल्ली पहुंचे और पार्टी आलाकमान से मिलने का समय मांगा। एक विधायक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसके बाद कांग्रेस ने विधायकों और नेताओं को चुप कराने का सिलसिला शुरू किया। इस बार कांग्रेस के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी भी है। कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह पूरी तरह से गुटबाजी की शिकार पार्टी है और मीडिया के साथ मिल कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ अभियान चला रही है। पहली बार कांग्रेस ने माना है कि सत्ता संघर्ष के पीछे भाजपा का कोई हाथ हो सकता है। अभी तक कांग्रेस भाजपा का नाम नहीं लेती थी। तो क्या कांग्रेस को लग रहा है कि डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाता है तो वे भाजपा के साथ जा सकते हैं या कांग्रेस के कुछ विधायक पार्टी छोड़ कर भाजपा की सरकार बनवाने का दांव चल सकते हैं? इसकी संभावना अभी तुरंत नहीं दिख रही है क्योंकि कांग्रेस के अपने 137 विधायक हैं। दूसरी ओर भाजपा के 63 और जेडीएस के 18 विधायक हैं। इसका मतलब है कि जब तक कांग्रेस में बड़ी टूट नहीं होगी तब तक कोई दूसरी सरकार बनने की संभावना नहीं है। शिवकुमार ने कहा है कि वे गुटबाजी में नहीं रहते हैं। लेकिन उनके भाई और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने कहा है कि राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सब बता दिया गया है। अब फैसला उनको करना है। तभी सवाल है कि कांग्रेस फैसला क्यों नहीं कर रही है? अगर कंफ्यूजन बनाए रख कर इस स्थिति को बहुत दिन तक नहीं संभाल सकती है। डीके शिवकुमार इस बार आर या पार की लड़ाई के मूड में हैं। डीकेएस ने कहा है कि इस बार लड़ाई निर्णायक होगी। दिलचस्प बात यह है कि डीके शिवकुमार इस बार अपनी मांग को सिर्फ निजी नहीं बता रहे हैं, बल्कि उनका कहना है कि पूरे कर्नाटक में सिद्धारमैया को लेकर नाराजगी है और अगर उनको नहीं हटाया गया तो कांग्रेस को अगले चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

सोनिया और राहुल गांधी कर्नाटक का फैसला करने में जितनी देरी करेंगे, नुकसान उतना ज्यादा होगा।पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कह दिया है कि उनके पास कहने को कुछ नहीं है और पार्टी आलाकमान फैसला करेगा। वे कांग्रेस अध्यक्ष हैं और इस नाते खुद आलाकमान हैं। लेकिन उनका इशारा असली आलाकमान यानी सोनिया और राहुल गांधी की ओर था। इसके भी मायने निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि खड़गे खुद दावेदार हैं।उनकी दिली तमन्ना कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनने की रही है। बहरहाल, यह भी हो सकता है कि आलाकमान संतुलन के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों की बजाय किसी तीसरे नेता को कमान देने के लिए इन दोनों को मनाने में लगा हो।

# इमरान खान

## क्या है मौत का सच

### क्यों दो साल से जेल में बंद हैं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री?



पाकिस्तान में उस वक्त सियासी बवाल मच गया, जब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मौत का दावा किया गया। इमरान पिछले तीन साल से पाकिस्तान की अदियाला जेल में बंद हैं। परिवार ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन उन्हें इमरान से मिलने नहीं दे रहा है। इसके बाद परिवार ने जेल में ही उनकी हत्या करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान सरकार ने इन सभी दावों के खारिज करते हुए कहा इमरान खान की हालत स्थिर है और वह अभी भी जेल में हैं। इसके बाद परिवार वालों के सिर्फ एक ही सवाल है कि अगर वे ठीक हैं तो कोर्ट से ऑर्डर के बाद भी उन्हें इमरान से मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा है? आइए जानते है परिवार का क्या आरोप है? पीटीआई का इस पूरे मुद्दे पर क्या कहना है? क्या सच में इमरान की मौत हो चुकी है? सरकार का आरोपों पर क्या जवाब है? इमरान कब से जेल में हैं? किस आरोप में वह सलाखों के पीछे हैं?

### मौत का दावा किसने और कब किया?

बुधवार 26 नवंबर को सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की खबर साझा की। इस पोस्ट में दावा किया गया कि इमरान खान को रहस्यमयी तरीके से मार दिया गया है और उनकी बॉडी को जेल से बाहर ले जाया गया है। इसके बाद इमरान के हजारों समर्थक और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सदस्य अदियाला जेल के बाहर जाम हो गए। इसके बार उनकी मौत का खबर सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगी। आपको बता दें कि इमरान की मौत का दावा पहली बार नहीं किया गया है। मई में, पाकिस्तान सरकार के विदेश मंत्रालय के लेटरहेड वाला एक डॉक्यूमेंट वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया गया था कि खान की मौत ज्यूडिशियल कस्टडी में हुई और उनकी मौत के हालात की जांच की जा रही है। इस अफवाह के फैलने के बाद पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय को एक प्रेस रिलीज जारी करनी पड़ी, जिसमें कहा गया कि यह डॉक्यूमेंट नकली है।

**इमरान के परिवार का क्या आरोप है?**

इमरान खान के बेटे कासिम खान ने 27 नवंबर को एक्स पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में इमरान खान की तस्वीर थी। इसके साथ कासिम ने कहा कि इमरान खान को तमाम अदालती आदेशों के बावजूद बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'उनकी बहनों को मिलने नहीं दिया गया। न फोन किया गया, न मुलाकात हुई और न ही उनके जिंदा होने का कोई सबूत मिला।' उन्होंने कहा, 'मेरा और मेरे भाई का अपने पिता से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।' कासिम ने पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, 'यह पूरी तरह से ब्लैकआउट कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं है। यह उनके हालात को छिपाने और हमारे परिवार को यह जानने से रोकने की एक जानबूझकर की गई कोशिश है कि वह सुरक्षित है या नहीं।' उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तानी सरकार को मेरे पिता की सुरक्षा और इस अमानवीय हालात के नतीजों के लिए कानूनी, नैतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने इस मामले में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दखल देने का भी अनुरोध किया है। सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की अफवाहों के बीच इमरान खान की तीनों बहनों नुरीन खान, अलीमा खान और उजमा खान ने आरोप लगाया कि अदियाला जेल के बाहर शांतिपूर्ण विरोध के दौरान उन्हें पंजाब पुलिस ने बेरहमी से पीटा। बहनों का आरोप है कि वे सिर्फ अपने भाई से मिलने की अनुमति मांग रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन पर और पीटीआई समर्थकों पर अचानक हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें तीन सप्ताह से ज्यादा समय से भाई से मिलने नहीं दिया गया है।

### सरकार ने कहा कि इमरान खान ठीक हैं

इमरान खान की मौत की अफवाह लगातार तेज हो रही है। देश विदेश की मीडिया लगातार इसे लेकर खबरें छाप रही है। इसी बीच पाकिस्तान के अधिकारियों और यहां तक कि उनकी पार्टी पीटीआई ने भी साफ किया कि वह जिंदा हैं। पाकिस्तान प्रधानमंत्री के पॉलिटिकल मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि पूर्व पीएम "ठीक हैं और उन्हें कुछ भी गलत नहीं है"।

### पीटीआई का इस पूरे मुद्दे पर क्या कहना है?

इमरान की पार्टी पीटीआई की ओर से दावा किया जा रहा है कि इमरान खान को जेल में बुरी स्थिति में रखकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी से जुड़े जुल्फी बुखारी ने कहा कि 4 नवंबर के बाद से किसी ने भी इमरान को नहीं देखा। उन्होंने तुरंत परिवार और वकीलों को मिलने की अनुमति देने की मांग की। अदियाला जेल प्रशासन ने इन आरोपों को गलत बताया। अधिकारियों ने कहा कि इमरान खान पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें दूसरे किसी फैसिलिटी में शिफ्ट करने की भी कोई योजना नहीं है। जेल प्रशासन के अनुसार, मुलाकात रोकने के आरोपों का भी कोई आधार नहीं है।

पीटीआई के प्रवक्ता जुल्फिकार बुखारी ने कहा कि इमरान के परिवार या लीगल टीम को 4 नवंबर से उनसे मिलने नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी हालत के बारे में जानकारी न होने से उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने इस मुद्दे पर आगे कहा पीटीआई के एक डेलिगेशन ने गुरुवार को फिर से इमरान से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे दावा किया कि जेल मैनुअल के तहत पूर्व प्रधानमंत्री के साथ हर हफ़्ते होने वाली मीटिंग बिना किसी वजह के रोक दी गई। जुल्फिकार बुखारी के मुताबिक लंबे समय से इमरान से कोई कॉन्टैक्ट नहीं हुआ है, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को भी पुलिस ने उनसे मिलने नहीं दिया।

**इमरान कब से जेल में हैं?**

इमरान खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इससे पहले वह पाकिस्तान को क्रिकेट विश्वकप दिलाने वाली टीम के कप्तान भी रहे थे। अगस्त 2023 में इस्लामाबाद की कोर्ट ने उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया था। इसके बाद से वह पिछले 2 साल से जेल में हैं। इस फैसले ने उन पर अगले पांच साल तक कोई भी पद संभालने पर भी रोक लगा दी थी।

# 'भाबीजी घर पर हैं' छोड़ रहीं शुभांगी अत्रे, फैंस हुए भावुक



लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' की अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने शो को अलविदा कह दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपने फैसले की जानकारी दी। शुभांगी ने कहा कि यह शो उनके करियर का अहम हिस्सा रहा और टीम के साथ बिताया समय वह कभी नहीं भूलेंगी। फैंस ने उनके निर्णय पर भावुक प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि शो उनके बिना अधूरा लगेगा। शुभांगी ने बताया कि वह व्यक्तिगत कारणों से आगे बढ़ना चाहती हैं और नए प्रोजेक्ट्स में दर्शकों से फिर मिलने की उम्मीद रखती हैं।



# एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा को बताया सबसे बड़ा मुद्दा

टीवी और वेब सीरीज अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को अपना सबसे प्रिय सामाजिक मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी असमानताएँ महिलाओं की राह में बड़े अवरोध पैदा करती हैं, इसलिए हर महिला को बिना डर आगे बढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए। शिवांगी ने कहा कि बदलाव छोटे कदमों से शुरू होता है–दयालुता, गलत पर आवाज उठाना, सीमाओं का सम्मान और समुदाय का साथ देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से जागरूकता बढ़ाने और छोटे-छोटे कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पब्लिक फिगर्स की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव साझा कर समाज को दिशा दें। महिलाओं की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को उन्होंने देश के दो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे बताया।

# डीप नेक ड्रेस में कृति खरबंदा का स्टाइलिश अंदाज सोशल मीडिया पर छाया



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हाल ही में अपने नए फोटोशूट से सोशल मीडिया पर धमक मचा दी। डीप नेक ड्रेस में उनका ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो गईं। कृति ने प्राइवेट फोटोग्राफी सेशन में आत्मविश्वास से भरे पोज दिए, जिनमें उनका स्टाइल, मेकअप और ड्रेस का डिजाइन खासा आकर्षण का केंद्र रहा। तस्वीरें वायरल होते ही फैशन पेज और प्रशंसकों ने उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी। कृति अपनी फिल्मों के साथ-साथ फैशन जगत में भी मजबूत पहचान रखती हैं और उनकी यह नई तस्वीरें एक बार फिर उनके ग्लैमरस अंदाज को चर्चा में ले आई हैं।

# आईपीएल नीलामी से पहले पृथ्वी शॉ ने दिखाया दम

## २३ गेंदों पर पूरा किया अर्धशतक; महाराष्ट्र को दिलाई जीत



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने आईपीएल नीलामी से पहले शानदार प्रदर्शन कर सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश की है। पृथ्वी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 टूनार्मेंट के दूसरे दौर में दमदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम महाराष्ट्र को जीत दिलाई। हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता में खेले गए एलीट ग्रुप बी मुकाबले में पृथ्वी ने 36 गेंदों पर नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए।

### कुलकर्णी के साथ निभाई शतकीय साझेदारी

पृथ्वी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अर्शिन कुलकर्णी के साथ 73 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। पृथ्वी ने 23 गेंदों पर अपना पचासा पूरा किया। हैदराबाद ने महाराष्ट्र के सामने 192 रनों का लक्ष्य रखा था। महाराष्ट्र ने पृथ्वी और अर्शिन के शानदार प्रदर्शन से 18.4 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अर्शिन 54 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 89 रन बनाकर नाबाद रहे। पृथ्वी ऋतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति में सैयद मुश्ताक अली टूनार्मेंट में महाराष्ट्र टीम की कमान संभाल रहे हैं। ऋतुराज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं जिस कारण वह इस घरेलू टी20 टूनार्मेंट में नहीं खेल रहे हैं। पृथ्वी महाराष्ट्र के लिए मौजूदा घरेलू सीजन में अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। वह मुंबई से महाराष्ट्र टीम में आए थे। पिछले साल पृथ्वी को उनके खराब प्रदर्शन के कारण आईपीएल नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था।

### अन्य मैचों के नतीजे

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप के अन्य मुकाबलों में राजस्थान ने त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 169 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर पांच विकेट से मैच अपने नाम किया। वहीं, ग्रुप ए के मुकाबले में रेलवे ने केरल को 32 रनों से, ग्रुप बी में मध्य प्रदेश ने बिहार को 62 रनों से, ग्रुप सी में पुडुचेरी ने बडौदा को 17 रनों से और ग्रुप डी में दिल्ली ने तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। वहीं, हरियाणा और पंजाब के बीच ग्रुप सी का मुकाबला टाई रहा, लेकिन हरियाणा ने सुपर ओवर में जीत दर्ज की।

### आयुष म्हात्रे के शतक से जीता मुंबई

सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के शतक से मुंबई ने एलीट ग्रुप ए मुकाबले में विदर्भ को सात विकेट से हराया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में मुंबई के लिए म्हात्रे ने शानदार प्रदर्शन किया और 53 गेंदों पर आठ चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 110 रन बनाए जिससे मुंबई ने 17.5 ओवर में 194 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रनों की शानदार पारी खेलकर लय में वापसी जारी रखी और म्हात्रे के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर मुंबई की पारी को संभाला।

# एमआई-आरसीबी के मैच से शुरू होगा नया सीजन, वडोदरा में फाइनल

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरूआत 9 जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) और 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले के साथ होगी। शनिवार को डब्ल्यूपीएल 2026 के शेड्यूल की जानकारी देते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि नवी मुंबई में दो डबल-हेडर मुकाबले होंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 5 फरवरी को वडोदरा के



कोटांबी स्टेडियम में आयोजित होगा। विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में 9-17 जनवरी के बीच मुकाबले नवी मुंबई में खेले जाएंगे। इस दौरान 11 मुकाबले आयोजित होंगे। इसके बाद शेष 11 मैच वडोदरा में होंगे। इनमें प्लेऑफ भी शामिल हैं। वडोदरा लेग की शुरूआत गुजरात जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के साथ होगी। मुंबई इंडियंस डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर इस सीजन में उतर रही है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस खिताब को जीतने वाली दूसरी टीम है। गुजरात जायंट्स वडोदरा लेग की शुरूआत आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से करेगी, जिसके बाद दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 2025 के फाइनल का री-मैच होगा।

1 फरवरी को लीग स्टेज खत्म होने के बाद, एलिमिनेटर में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें हिस्सा लेंगी। टेबल टॉपर सीधे 5 फरवरी को फाइनल में पहुंचेगी।

# यूएस ने किया वीजा देने से इनकार

## फीफा विश्व कप के फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा ईरान



**तेहरान।** ईरान की फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बहिष्कार करेगी। यह ड्रॉ 5 दिसंबर को वॉशिंगटन डीसी में निर्धारित है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान प्रतिनिधिमंडल के कई प्रमुख सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को घोषणा करते हुए फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने आईआरआईबी टीवी को बताया कि यह फैसला आवश्यक पूछताछ, आंतरिक चर्चाओं और खेल एवं युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से परामर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे खेल भावना के विपरीत बताया है। आमिर मेहदी अलावी ने स्पष्ट किया है उन्होंने फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो समेत उनके अधिकारियों को वीजा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

'सिन्हुआ' की रिपोर्ट के मुताबिक, अलावी ने बताया है कि फीफा ने इस मामले को गंभीरता से लेने का वादा किया है। वीजा देने से इनकार करने के बाद फेडरेशन के अध्यक्ष समेत कई खास लोगों पर इसका असर पड़ा है। हालांकि, पुरुषों की नेशनल टीम के हेड कोच आमिर घालेनोई समेत चार सदस्यों को वीजा मिल गया है।

फीफा विश्व कप 2026 की शुरूआत 11 जून से होगी। फुटबॉल का यह महाकुंभ 19 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। इन टीमों को चार-चार के 12 ग्रुप में बांटा जाएगा।

इसे यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और मेक्सिको मिलकर होस्ट करेंगे। ऐसा पहली बार है जब यह टूनार्मेंट तीन देशों में खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप से टॉप दो टीमें, साथ ही आठ सबसे ऊंची रैंक वाली तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें, एक बड़े नॉकआउट फेज में जाएंगी, जिससे पिछले एडिशन की तुलना में एक बड़ा और ज्यादा कॉम्पिटिटिव एलिमिनेशन ब्रैकेट बनेगा।

फीफा विश्व कप 2026 के लिए कुल 16 स्टेडियम चुने गए हैं। इनमें तीन वेन्यू मेक्सिको में, जबकि दो वेन्यू कनाडा में हैं।

# रोहित शर्मा के पास गोल्डन चांस, वनडे फॉर्मेट में 'सिक्सर किंग' बनने से चंद कदम दूर

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में उतरेंगे, जहां उनसे पास इतिहास रचने का मौका है। रोहित अगर इस सीरीज में 3 छक्के लगाते हैं, तो वह शाहिद अफरीदी को पछाड़कर 'सिक्सर किंग' बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने साल 2007 से अब तक 276 वनडे मुकाबलों में 349 छक्के लगाए हैं। इस दौरान रोहित ने 49.22 की औसत के साथ 11,370 रन बनाए। रोहित के बल्ले से 33 शतक और 59 अर्धशतक निकले हैं। दूसरी ओर, शाहिद अफरीदी ने 398 वनडे मुकाबलों में 351 छक्के लगाए हैं। इस पाकिस्तानी खिलाड़ी ने 23.57 की औसत के साथ 8,064 रन जुटाए। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक और 39 अर्धशतक निकले। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मैच रांची में खेला जाएगा, जिसके बाद 3 दिसंबर को रायपुर में सीरीज का दूसरा मुकाबला आयोजित होगा। सीरीज का तीसरा मुकाबला विशाखापत्तनम में 6 दिसंबर को खेला जाएगा। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की थी। इस दौरान उन्होंने



पहले मैच में 8 रन, दूसरे मैच में 73 रन, जबकि तीसरे मुकाबले में 121 रन की नाबाद पारी खेली थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है।

# शनिवार, 29 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों को पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। आज परिवार से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। मधुर वाणी से संबंधों में मधुरता आएगी। आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना दिख रही है।

आज का दिन वृषभ राशि वालों का बहुत व्यस्त रहने वाला है। ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुन राशि वालों को आज फिजूल के खर्चों से बचना चाहिए। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी।

भाग्य की दृष्टि से आज का दिन कर्क राशि के जातकों को लिए उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित फल कारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिल रहे हैं।

आज आप में निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा। पत्नी को शारीरिक कष्ट से कुछ खिन्नता रह सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है।

आज का दिन आपके लिए शुभ कारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। नवम कर्म भाव में बृहस्पति मिथुन राशि का होकर विराजमान है। अतः आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

आज आपका मन अशान्त एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद, विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारिक जनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

आज पंचम भाव में कर्क राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से सम्बन्धित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# प्रिल्यूड स्कूल की छात्राओं ने सीखी ऑनलाइन सुरक्षा की ढाल

एनएनआई

**आगरा।** मिशन शक्ति पहल के अंतर्गत प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारह की छात्राओं के लिए महिला थाना, रकाबगंज (आगरा) में एक सारगर्भित जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, साइबर हाइजीन और उभर रहे डिजिटल अपराधों से बचाव के प्रति सचेत करना था। सत्र की मुख्य वक्ता सुश्री मंजू चौधरी (निरीक्षक झ मिशन शक्ति एवं एंटी-रोमियो प्रभारी) थीं। उनके साथ उप-निरीक्षक अरुण कुमार शर्मा, उप-निरीक्षक छोटे लाल, उप-निरीक्षक जय देव (महिला थाना), साइबर उप-निरीक्षक उमा वैश्य, उप-निरीक्षक शैली गुप्ता तथा उप-निरीक्षक ऋतु गुप्ता उपस्थित रहे। कुल 51 छात्राओं और 5 शिक्षकों ने इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी प्राप्त की। साइबर क्राइमः साइबर बुलिंग, पहचान की चोरी, हैकिंग और व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूक किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के व्यवहारिक उपाय बताए गए।

**डिजिटल अरेस्टः** फर्जी डिजिटल अरेस्ट कॉल्स के बारे में बताया गया, जिनमें ठग पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर डराने का प्रयास करते हैं।

**वित्तीय धोखाधड़ीः** यूपीआई स्कैम, ओटीपी का दुरुपयोग, फि शिंग लिंक और फर्जी निवेश योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा सुरक्षित डिजिटल भुगतान की आदतों पर जोर दिया गया। सोशल मीडिया फ्रॉडः फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, प्रतिरूपण और तस्वीरों के दुरुपयोग से संबंधित जोखिमों पर चर्चा की गई। छात्राओं को प्राइवेसी सेटिंग्स और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। फोटो मॉर्फिंगः फोटो मॉर्फिंग के खतरों, इसके कानूनी परिणामों और बचाव के उपायों के बारे में बताया गया, जैसे सीमित फोटो शेयरिंग और प्रोफाइल सुरक्षा। अधिकारीगणों ने महिला सुरक्षा व साइबर हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए, ताकि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की स्थिति में छात्राएँ तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।



# मन को वश में करो, फिर कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहेगाः अरविंद स्वरूप

- दाऊ दयाल व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में श्रीमद्भगवद्गीता व्याख्यान माला का एक और सफल आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर खंदारी स्थित दाऊ दयाल व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में श्रीमद्भगवद्गीता व्याख्यान माला का एक और सफल आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के इतिहास एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस श्रृंखला के अंतर्गत व्याख्यान इस्कॉन आगरा के अरविंद स्वरूप प्रभु ने दिया।

जिसमे उन्होंने भगवद्गीता के सिद्धांतों से मन को संतुलित कर जीवन के निर्धारित उद्देश्यों को कैसे प्राप्त करें, पर चर्चा की, अरविंद स्वरूप प्रभु ने बड़ी सरल भाषा में समझाया कि मन को नियंत्रित करने का सबसे व्यावहारिक तरीका है - अपने दैनिक जीवन में तीन चीजों का संतुलन बनाना जिसमें भोजन (आहार), निद्रा (पर्याप्त एवं नियमित नींद), रीडिंग हैबिट (प्रेरक साहित्य का नियमित पठन-पाठन), उन्होंने कहा, जब ये तीन चीजें संतुलित होती हैं, तब मन स्वतः स्थिर होने लगता है और व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रता के साथ आगे बढ़ता है। प्रभु ने छात्र-छात्राओं से इंटरैक्टिव सत्र में उनकी निजी आदतों पर चर्चा की। उन्होंने सभी से पूछा कि उनकी जिंदगी में पांच सबसे अच्छी और पांच सबसे बुरी आदतें क्या हैं। इसके बाद उन्होंने व्यावहारिक तरीके बताए कि कैसे नकारात्मक आदतों (जैसे देर रात तक मोबाइल चलाना, अनियमित दिनचर्या, नकारात्मक सोच आदि) को छोड़ा जाए और सकारात्मक आदतों (सुबह जल्दी उठना, ध्यान-जप, सात्विक भोजन, नियमित व्यायाम आदि) को अपनाया जाए। दाऊ दयाल संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष बिहारी शर्मा ने कहा, आज का युवा बहुत प्रतिभाशाली है, लेकिन मन का अस्थिर होना ही सबसे बड़ी बाधा है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को यही संदेश दिया था - मन को वश में करो, फिर कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डॉ. के.के. पचौरी, डॉ. निशांत चौहान, निधि यादव, सुनील कुमार, आशीष मिश्रा, प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नकली किताबों के बड़े रैकेट का पदार्फाश

## पुलिस की मानव बुक डिपो राजा मंडी पर छापेमारी



एनएनआई

**आगरा।** थाना लोहामंडी क्षेत्र में नकली किताबों के बड़े रैकेट का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने मानव बुक डिपो, राजा मंडी चौराहा पर छापेमारी की और बड़ी मात्रा में फर्जी किताबें बरामद कीं। इन किताबों में इंडियन पॉलिटी, ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया, एसेंशियल्स ऑफ मेडिकल फिजियोलॉजी, फामाकोलॉजी, पैथोलॉजी जैसी प्रमुख पुस्तकें शामिल हैं। इसके अलावा कई प्रतियोगी व मेडिकल पाठ्यपुस्तकों की प्रतियां भी जब्त की गईं। बरामदगी की सूची तैयार कर पुलिस को सौंप दी गई।

जानकारी के अनुसार, तीन प्रतिष्ठित प्रकाशनों एमसी ग्रेव हिल एजुकेशन, जेपी ब्रदर्स मेडिकल पब्लिशर्स और स्पेक्ट्रम बुक्स प्रा. लिमि. की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। प्रकाशनों के अधिकृत प्रतिनिधि संजय कुमार राघव द्वारा दी गई तहरीर पर दुकान मालिक संजय अग्रवाल के खिलाफ ट्रेडमार्क और कॉपीराइट एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, प्रकाशन कंपनियों को लंबे समय से संदेह था कि बाजार में उनकी पुस्तकों की नकली प्रतियां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। जांच पड़ताल में पता चला कि आगरा के राजा मंडी स्थित मानव बुक डिपो से असली किताबों की जगह नकली कॉपियां तैयार कर बेचने और उन्हें देशभर के थोक किताब विक्रेताओं तक सप्लाई करने का काम किया जा रहा था। इससे प्रकाशकों को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा था, वहीं सरकार को भी टैक्स में भारी चपत लग रही थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान पर पहुंचकर तलाशी ली और मौके से कई लोकप्रिय व उच्च मांग वाली पुस्तकों की नकली प्रतियां बरामद कीं। बरामदगी की सूची तैयार कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दी गई है। पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और पूरे सिंडिकेट को बेनकाब करने में जुटी है।

# अखंड हनुमान चालीसा पाठ का हवन और भजन के साथ हुआ समापन

**आगरा (एनएनआई)।** हनुमान चालीसा पाठ समिति एवं समर्थवान संस्था द्वारा नींब करौरी बाबा के 125वें जन्मोत्सव के अवसर पर नामनेर स्थित प्राचीन आदिशक्ति माँ दुर्गा देवी मंदिर पर दो दिवसीय संगीतमय अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने कहा कि हनुमान चालीसा पाठ नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है। इसके नियमित पाठ से मानसिक, आध्यात्मिक और नैतिक रूप से जीवन में कई सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। मेने स्वयं मंदिर में पाठ किया और 108 बार पत्रक पर राम नाम लिखा है। ये पहला दिव्य आयोजन है जो परिवार में हनुमान चालीसा पढ़ने की परंपरा बच्चों और बड़ों को धर्म, भक्ति और सदाचार से जोड़ता है। संस्थापक अध्यक्ष पं. मनीष शर्मा ने बताया कि 24 घंटे तक चलने वाले अखंड हनुमान चालीसा पाठ का विराम प्रातः 11 बजे किया गया। दोपहर 12 बजे हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। अखंड पाठ में 526 श्रद्धालुओं ने 108 बार राम नाम लिख कर अर्जी लगायी। संगीतमय उत्सव में हनुमान जी के भजनो का रसपान कर भक्त थिरकने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर मनोज गर्ग, मोहन लाल सर्राफ, मनीष अग्रवाल, प्रवीण कोहली, आशीष जैन, अमन कोहली, राजकुमार शर्मा, अमित शर्मा, माधव शर्मा, राकेश शर्मा, रितु शर्मा, आकाश रावत, जतिन आदि मौजूद रहे।

- नींब करौरी बाबा के 125वें जन्मोत्सव पर 526 श्रद्धालुओं ने लिखा 108 बार राम नाम



# कॉन्फ्रेंस में डायफ्रामिक हर्निया से लेकर रेक्टल कैंसर तक लैप्रोस्कोपी पर विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

एनएनआई





**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन्स ऑफ इंडिया (अमासी) की ओर से 118वीं अमासी स्किल कोर्स एंड एफमास एग्जाम के दूसरे दिन प्रसूति एवं स्त्री रोग व सर्जरी पर व्याख्यान फतेहाबाद रोड स्थित कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए। आयोजक डॉ. हिमांशु यादव ने बताया कि दूसरे दिन 120 चिकित्सको ने गायनी का एग्जाम दिया और कल 80 डॉक्टर्स सर्जरी की परीक्षा देंगे। कॉन्फ्रेंस में केरल, श्रीनगर, पटना, कलकत्ता, हैदराबाद, सूरत, भोपाल, लखनऊ, तमिलनाडु, पटियाला आदि स्थानों से चिकित्सक आए हैं। संयोजक गैस्ट्रोएंटेस्टाइनल सर्जन डॉ. हिमांशु यादव ने बताया कि कई बार देखा गया है की पित्त की थैली का जो स्टोन होता है वो पित्त की थैली की नेक में फस जाता है या नीचे सीपीडी में फंस जाता है या पित्त की थैली में पस पड़ जाता है। या मरीज पहले से ही खराब लिवर की समस्या के ग्रस्त होता है। गर्भवती महिला के केस में ऑपरेशन में मरीज के साथ-साथ उसके बच्चे को भी बचाना भी महत्वपूर्ण होता है। इस सब स्थितियों को मुश्किल गोब्लेडर सर्जरी कहा जाता है। इस दौरान विशेष तकनीक के साथ हाईटेक उपकरणों के साथ सुरक्षित तरीके से जटिल पित्त की थैली का ऑपरेशन किया जाता है। ये गॉलब्लैडर की सर्जरी डॉ हिमांशु यादव कम समय में कर देते है। उसके बाद आराम से मरीज घर चला जाता है। श्रीनगर से आये डॉ. निसार हमदानी ने बताया कि रेक्टल कैंसर में लप्रोस्कोपिक सर्जरी सुरक्षित, ऑंकोलॉजिकली सटीक और कम-आक्रामक विकल्प है। इस अवसर पर डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. अनुभव गोयल, डॉ करन रावत, डॉ. अभिनव मित्तल, विनायक मिश्रा, मयंक जैन आदि मौजूद रहे।